30 korba-bhoomi-pg1_Layout 1 5/1/2025 12:04 AM Page 1

तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 1 मई 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 कभी 5 हाथी आने पर मच जाता था हड़कंप, अब 100 से अधिक गजराज जंगल में कर रहे हैं चहलकदमी



## खबर संक्षेप

### डॉयल 112 वाहन में हुआ सुरक्षित प्रसव

**कोरबा।** बांगो थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने डॉयल 112 की गाड़ी में बच्चे जन्म दिया। महिला ग्राम कुरथा की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रसव पीड़ा होने पर परिवार की ओर से डॉयल 112 से संपर्क किया गया। जिसके बाद महिला को लेकर परिवार के सदस्य अस्पताल जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में महिला को तेज प्रसव पीड़ा हुई और ग्राम गुरसिया के समीप वाहन में ही महिला ने शिशु को जन्म दिया। महिला के साथ मितानीन भी मौजूद थी। प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा को पोड़ी उपरोड़ा के सरकारी अस्पताल में भर्ती किया गया है। जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ बताए जा रहे हैं।

### इमलीछापर के निर्माणाधीन ओवरब्रिज के पास जलभराव

**कोरबा।** जिले में दो दिनों में हुई बारिश के कारण ऊर्जाधानी के कई इलाकों में पानी भर गया। स्थिति वहां ज्यादा खराब हुई, जहां पानी की निकासी के लिए जगह नहीं है। सड़क पर पानी जमा होने से लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी हुई। जलजमाव के कारण ज्यादा खराब स्थिति कुसमुंडा के इमलीछापर में निर्माणाधीन ओवरब्रिज के आसपास की रही। सड़क किनारे पानी निकासी के लिए जगह नहीं है। इस बीच दो दिन हुई तेज बारिश के कारण आसपास का पानी इमलीछापर चौक के करीब ओवरब्रिज निर्माणास्थल पर आकर एकत्र हो गया। यहां पानी इतना भर गया कि सड़क दिखाई नहीं दे रही थी। लोगों का आना-जाना भी मुश्किल हो गया। जरूरी कार्य से लोग पानी में गाड़ियां दौड़ाते रहे। स्थानीय लोगों ने बताया कि इमलीछापर चौक के आसपास ओवरब्रिज निर्माणाधीन है, लेकिन कई माह से ब्रिज बनाने का काम बंद है। इसे बनाने वाली कंपनी ने पहले भी लोगों से वादा किया था कि वह बारिश के पानी की निकासी के लिए आसपास के क्षेत्रों में व्यवस्था करेगी, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं किया गया है।

### एरिना के बैडमिंटन कोचिंग कैंप का जल्द होगा आगाज

**कोरबा।** स्कूलों में समर वेकेशन की घंटी बज चुकी है और अब पेरेंट्स यह सोच सोचकर टेंशन में हैं कि डेढ़ महीने की इतनी लंबी छुट्टी में बच्चों की धमा चौकड़ी का आखिर क्या करें? पेरेंट्स राहत की सांस ले सकते हैं क्योंकि, खास गर्मी की छुट्टियों का सही इस्तेमाल करने बच्चों के लिए एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना की ओर से बैडमिंटन कोचिंग कैंप का आगाज होने जा रहा है। नगर निगम कॉलोनी निहारिका स्थित मनोरंजन गृह के पास अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप निर्मित भव्य डबल बैडमिंटन कोर्ट में यह प्रशिक्षण कैंप आयोजित किया जाएगा।

### आयुष्मान भारत दिवस पर रासेयो ने चलाया जागरूकता अभियान

**चैतमा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई चैतमा भारत सरकार का महत्वपूर्ण योजना डॉ मनोज सिन्हा समन्वयक, प्रोफेसर वाय के तिवारी जिला संगठक, प्राचार्य संरक्षक चंद्राणी सोम के निर्देश पर वीरेन्द्र कुमार बंजारे ब्यख्याता जीवविज्ञान कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में मानिकपुर चैतमा में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए जनजागरूकता अभियान चंद्रमुखी साहू हेल्थकेयर शिक्षक, स्वयं सेवक संध्या कंवर, रोशनी, तम्मन्ना, हिमानी, ग्रामीण महिला परमेश्वरी, रत्ना बाई, तीज बाई, रुखमत इत्यादि को आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के के बारे में बताया गया। वीरेंद्र कुमार बंजारे कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना जिसे प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के रूप में भी जाना जाता है। इसका उद्देश्य देश के गरीब और कमजोर परिवारों को स्वास्थ्य बीमा प्रदान करना है। यह योजना भारत सरकार द्वारा शुरू की गई है और इसका लक्ष्य इन परिवारों को प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का कैशलेस स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराना है।

# रेडी टू ईट चलाने नहीं रुचि, 12 हजार में सिर्फ 67 समूह ही आए सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पंचायत की एनआरएलएम शाखा में पंजीकृत 12 हजार महिला स्व सहायता समूह में केवल 67 समूह ही आंगनबाड़ी केंद्रों में रेडी टू ईट सप्लाई के लिए सामने आये हैं। शासन के समूहों से जीएसटी नंबर और तीन महीने अग्रिम खाद्य सामग्री की शर्तों के कारण स्थानीय महिला स्व सहायता समूहों की कमर टूट गई है।

अलग खबर

चुनाव से पूर्व महिला स्व सहायता समूहों को आंगनबाड़ी केंद्रों में रेडी टू ईट कार्यक्रम शुरु कर समूहों को ही इसकी सप्लाई का काम दिए जाने की घोषणा की गई थी। सरकार बनने के बाद महिला स्व सहायता समूहों को यह उम्मीद जगी थी कि उन्हें पूर्व की तरह आंगनबाड़ी केंद्रों में रेडी टू ईट सप्लाई का काम मिलेगा और एक रोजगार मिल जाएगा। राज्य में सरकार बनने के लगभग एक वर्ष बाद शासन की ओर से महिला स्व सहायता समूहों के लिए रेडी टू ईट कार्यक्रम फिर से चलाए जाने की घोषणा करते हुए इसकी शुरुआत की गई। इससे महिला समूहों के चेहरे खिल उठे लेकिन जैसे ही रेडी टू ईट सप्लाई के लिए शासन की ओर से शर्त जारी की गई उससे महिला स्व सहायता समूहों की कमर टूट गई। जिला पंचायत की एनआरएलएम शाखा में लगभग 12 हजार स्व सहायता समूह पंजीकृत है। इसके अलावा नगर निगम में भी समूह पंजीकृत हैं। इन समूहों में केवल 67 समूह ही रेडी टू ईट कार्यक्रम चलाने अपने आवेदन दिए हैं।

### मामला आंगनबाड़ी केन्द्रों में रेडी टू ईट सप्लाई का

**खास बातें**

- जीएसटी नंबर और तीन महीने के एडवांस सामग्री के नियम ने तोड़ दी कमर



### ये है प्रमुख शर्त

रेडी टू ईट चलाने वाले समूह का जीएसटी नंबर होना चाहिए। इसके साथ ही खाद्य सामग्री जहां निर्माण की जाएगी उसके लिए स्वयं का प्लान समूह के पास होना चाहिए। इसके अलावा तीन महीने की खाद्य सामग्री की एडवांस राशि समूह के बैंक खाते में होनी चाहिए। खाद्य सामग्री का प्लांट लगाने में ही 15 से 20 लाख का खर्च बताया जा रहा है और इतनी बढ़ी राशि खर्च करने की ताकत जिले के महिला स्व सहायता समूहों में नजर नहीं आई है लेकिन जो 67 आवेदन पहुंचे हैं उनका परीक्षण शुरु हो चुका है। बताया जाता है कि स्थानीय समूहों के आड़ में बड़ी कंपनियां सामने आएंगी जिनका स्वयं का प्लांट हैं।

### प्रत्येक परियोजना में एक समूह का काम

महिला विकास विभाग अंतर्गत जिले में दस परियोजना संचालित है इनके अंतर्गत 2622 आंगनबाड़ी केंद्र आते हैं जहां रेडी टू ईट की सप्लाई होगी। शासन के शर्तों के अनुसार एक परियोजना में एक समूह को ही काम दिया जाएगा। इस तरह दस परियोजना अंतर्गत महज 10 समूहों को ही सप्लाई का काम मिलेगा। जिनके द्वारा 2622 आंगनबाड़ी केंद्रों में रेडी टू ईट कार्यक्रम का संचालन होगा।

### मेडिकल कॉलेज अस्पताल में शुरू होगी इंटर्नशिप, अब तक 66 आवेदन हुए जमा

# विदेशों से एमबीबीएस की डिग्री लेने वाले चिकित्सक गांव के अस्पतालों में देंगे सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में भी अब विदेशों से एमबीबीएस की डिग्री लेने वाले चिकित्सक अपनी सेवा देंगे। जिले में मेडिकल कॉलेज स्थापना के बाद अब एनएमसी (राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग) ने कॉलेज में इंटर्नशिप को भी हरी झंडी दे दी है। एमबीबीएस का कोर्स पूरा कर इसे पास करने वाले नये चिकित्सक अब कॉलेज के अधीनस्थ रहकर इंटर्नशिप (एक वर्ष का अतिरिक्त प्रशिक्षण कोर्स) पूरा कर सकेंगे। पहले वर्ष मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इस सुविधा का लाभ विदेशों में एमबीबीएस कोर्स पूरा कर स्वदेश लौटने वाले फ्रेश चिकित्सकों को मिलेगा।

**खास बात**

- आवेदन जमा करने वालों में विदेशों में कोर्स पूरा करने वाले विद्यार्थियों की संख्या ज्यादा


फाइल फोटो

स्व.बिसाहूदास महंत शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध इंदिरा गांधी चिकित्सालय कोरबा का पहला बैच वर्ष 2026 में पास आउट होगा। इसके पहले इस साल अन्य छात्रों के पास मौका है कि वह कोरबा सेंटर से प्रोग्राम पूरा कर सके। इंटर्नशिप प्रोग्राम शुरू होने से न सिर्फ मेडिकल कॉलेज अस्पताल बल्कि दूर दराज के सरकारी अस्पतालों में भी एमबीबीएस चिकित्सक तैनात होंगे। कम से कम 1 वर्ष के लिए वह दूरस्थ अस्पताल में अपनी सेवाएं देंगे। इंटर्नशिप प्रोग्राम शुरू होने के बाद अब सभी स्थानों पर नए एमबीबीएस चिकित्सक मौजूद रहेंगे। पिछले वाले का एक साल पूरा होगा, तो अगले वर्ष के नए प्रशिक्षण लेने आए चिकित्सक उनका स्थान ले सकेंगे। हालांकि इसके लिए डीएमई (डायरेक्टर ऑफ मेडिकल एजुकेशन) चिकित्सा शिक्षा निदेशालय से अनुमति भी लेनी होगी। मेडिकल कॉलेज शुरू हुए चार साल हो चुके हैं। अगले साल 2026 में एमबीबीएस करने वालों का पहला बैच निकलेगा। कोर्स पूरा करने वाले विद्यार्थियों के लिए एक साल का इंटर्नशीप अनिवार्य होता है। जिसकी तैयारी मेडिकल कालेज प्रबंधन ने कर ली है। कॉलेज में इंटर्नशीप के लिए आवेदन लिया जा रहा है। अब तक 66 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। वर्तमान में आवेदन करने वालों में वे विद्यार्थी शामिल हैं, जिन्होंने विदेशों से अपना कोर्स पूरा करने के बाद चिकित्सा शिक्षा निदेशालय की तरफ से आयोजित परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है।

इस साल जिले के मेडिकल कॉलेज से कोई भी विद्यार्थी एमबीबीएस पास आउट नहीं हो रहा है। पहला बैच अगले साल पासआउट होगा। जिसके कारण इस वर्ष सभी सीटों पर बाहर के छात्रों को इंटर्नशिप करने का अवसर मिलेगा। जबकि अगले वर्ष से कोरबा से एमबीबीएस करने वाले डॉक्टर कोरबा में इंटर्नशिप करेंगे, उन्हें प्राथमिकता भी दी जाएगी।

### इंटर्नशिप के लिए 125 सीट

इंटर्नशीप के लिए जिले में 125 सीट निर्धारित किए गए हैं। आगामी वर्ष मेडिकल कॉलेज से उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को निर्धारित सीट के आधार पर प्रशिक्षण की सुविधा दी जाएगी। अगले वर्ष यानी 2026 में पांच प्रतिशत सीट विदेश से एमबीबीएस उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों के लिए आरक्षित रहेंगी। इंटर्नशीप करने के बाद विद्यार्थी सरकारी अस्पताल में सेवा देने के अलावा स्वतंत्र प्रेक्टिस भी कर सकते हैं। इंटर्नशिप के दौरान इस एक वर्ष के अंतराल में प्रशिक्षु डॉक्टर मेडिसिन, सर्जरी, गायनोकोलॉजी, एनेस्थिसिया, शिशु रोग विज्ञान, इएनटी नाक कान गला संबंधी रोगों के इलाज के लिए तैयार किया जाता है।

### इंटर्नशिप के लिए 125 सीट उपलब्ध

एमबीबीएस कोर्स पूरा करने वाले फ्रेश डॉक्टरअब मेडिकल कॉलेज से इंटर्नशीप कर सकते हैं। इसके लिए प्रवेश की प्रकिया शुरू हो गई है। प्रवेश के लिए डीएमई से अनुमति लेनी होगी, फिलहाल 66 आवेदन मिले हैं। विदेशों से कोर्स पूरा करने वाले विद्यार्थी आवेदन कर रहे हैं। हमारा पहला बैच 2026 में निकलेगा। इंटर्नशिप के लिए डॉक्टर जब अस्पताल में सेवा देंगे, तो डॉक्टर की कमी भी दूर होगी।

**-डॉ.गोपाल कंवर**, अधीक्षक, मेडिकल कॉलेज अस्पताल

# जमीन को लेकर हुआ विवाद, युवक ने अपनी बड़ी मां को उतारा मौत के घाट


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जमीन बंटवारा नहीं होने को लेकर नाराज एक युवक ने अपनी बड़ी मां की डंडे से पीट-पीट कर हत्या कर दी है। घटना की सूचना मिलने पर करतला पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।

**खास बात**

- करतला थाना क्षेत्र के ग्राम बेलभाठा में हुई वारदात, आरोपी युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

मामला जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र करतला थाना क्षेत्र के ग्राम बेलभाठा में घटित हुई है । यहां निवासरत प्रेम सिंह राठिया उम्र 26 वर्ष पिता स्वर्गीय सुख सिंह राठिया ने मंगलवार की शाम उसी के घर के समीप निवासरत उसकी सगी बड़ी मां जोल बाई राठिया उम्र 60 वर्ष पति ईश्वर सिंह राठिया से जमीन विवाद को लेकर कहासुनी हुई और विवाद देखते ही देखे इतना बढ़ गया कि प्रेम सिंह राठिया ने पास में रखे बांस के डंडे से अपनी बड़ी मां जोल बाई राठिया के सिर पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया जिससे मौके पर ही जोल बाई राठिया की मौत हो गई। वारदात की सूचना मिलने पर करतला थाना प्रभारी कृष्ण कुमार वर्मा दल बल सहित मौके पर पहुंचे थे। जहां मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के उपरांत परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी प्रेम सिंह राठिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# एसईसीएल के कोयला गुणवत्ता सुधार प्रयासों की केंद्रीय सतर्कता आयोग ने की सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंद्रीय सतर्कता आयोग, नई दिल्ली द्वारा हाल ही में कोयला उद्योग की सतर्कता संबंधी समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में एसईसीएल द्वारा कोयला गुणवत्ता में सुधार लाने हेतु किए गए प्रयासों की विशेष सराहना की गई।

**खास बात**

- कोयला गुणवत्ता सुधार में एसईसीएल के प्रयासों को बताया अनुकरणीय पहल

बैठक के दौरान एसईसीएल सतर्कता विभाग की ओर से प्रस्तुतिकरण में बताया गया कि कंपनी ने कोल क्वालिटी सुधार के लिए कई सुधारात्मक एवं नवाचारी पहलें अपनाई हैं। जिनके परिणामस्वरूप ग्रेड कन्फर्मेशन का स्तर 60 प्रतिशत से बढ़कर 80 प्रतिशत तक पहुँच गया है। सतर्कता, गुणवत्ता नियंत्रण विभाग तथा विभिन्न ⏭ शेष पेज 2 पर



### निगरानी रिपोर्टिंग और जवाबदेही के निर्देश

बैठक में कोयला चोरी की रोकथाम, कंपनियों की भूमि एवं आवासों पर अवैध कब्जा, भारी एचईएमएम मशीनों के रखरखाव, पर्यावरणीय अनुपालन, कोयला स्टॉक की सटीक गणना, पीएफ पेंशन सेवाओं का डिजिटलीकरण तथा तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। आयोग ने इन सभी क्षेत्रों में पारदर्शिता, डिजिटल निगरानी, समयबद्ध रिपोर्टिंग और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सभी कोल कंपनियों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

# चलती बोलेरो में लगी आग ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राह चलते लोगों में उस समय अफरा तफरी मच गई जब एक वाहन में अचानक आग लग गई। बोनट से धुआं उठता देख वाहन के चालन ने समय रहते बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। इससे पहले कि लोग कुछ समझ पाते वाहन में आग की लपटें उठने लगी और पूरी बोलेरो वाहन कुछ ही देर में जलकर खाक हो गई।

मामला बुधवार की शाम सवा 6 बजे दर्री बराज के पास मेजर ध्यानचंद चौक के समीप घटित हुई है। बताया जा रहा है कि कंपनी की बोलेरो लेकर ड्राइवर ट्रायल पर था और प्लांट की ओर लौट रहा था। तभी उसने देखा कि वाहन के बोनट से धुआं उठ रहा है। उसने बोनट खोलने की कोशिश की पर वह खुला ही नहीं और फिर आग की लपटों से पूरी बोलेरो वाहन घिर गई। कुछ लोगों ⏭ शेष पेज 2 पर


बोलेरो में लगी आग को बुझाती अग्निशमन की टीम।

### देश के 12 शहरों में नगर पालिक निगम कोरबा हुआ शामिल

# नगर निगम में बन रहा देश का पहला टर्शरी उपचार संयंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल के दिशा निर्देशों के अनुरूप हसदेव नदी के जल को दूषित होने से रोकने तथा इन 11 बड़े नालों से उत्सर्जित दूषित जल का समुचित प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लान्ट की आवश्यकता को देखते हुए, नगर निगम ने प्लांट निर्माण की दिशा में ठोस कार्यवाही की।

उक्त बातें महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कही। दरअसल निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय एवं एनटीपीसी के परियोजना प्रमुख राजीव खन्ना की उपस्थिति में प्रदेश का प्रथम सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए अनुबंध किया गया है। शहर में 11 ऐसे बड़े नाले हैं, जिनके माध्यम से सम्पूर्ण कोरबा शहर से उत्सर्जित होने वाले दूषित जल की निकासी होती है, यह दूषित जल इन नालो से होकर सीधे हसदेव नदी में समाहित होता हैं। आयुक्त श्री पाण्डेय ने कहा कि जल्द ही 20 एमएलडी क्षमता का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट अब मूर्तरूप लेगा तथा शहर क्षेत्र में देश के 12 शहरों में शामिल हो जाएगा। इन 11 बड़े नालों के माध्यम से शहर से उत्सर्जित होने वाले दूषित जल को इस ट्रीटमेंट प्लांट के द्वारा उपचारित किया जाएगा तथा इस जल का उपयोग वह अपने प्लॉट संचालन आदि में करेगा। एनटीपीसी के परियोजना प्रमुख राजीव खन्ना ने कहा कि एसटीपी निर्माण से एक ओर जहाँ जीवन दायिनी हसदेव नदी के जल को दूषित होने से रोका जा सकेगा। वहीं दूसरी ओर प्रतिदिन उत्सर्जित करोड़ों लीटर दूषित जल का पुनः उपयोग सुनिश्चित किया जा सकेगा। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लॉट के निर्माण के लिए सम्पूर्ण राशि एनटीपीसी द्वारा वहन किया जाएगा। इस दौरान अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूवा, कार्यपालन अभियंता राकेश मसीह, राहुल मिश्रा, रमेश सूर्यवंशी, प्रमोद जागत, तकनीकी सलाहकार नितिन पुरानिक एवं एनटीपीसी के शशि शेखर, मनोज कुमार रजक, शैलेन्द्र कुमार यादव, जीवाराज जाट, शंशांक के साथ ही अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।


कार्यक्रम में उपस्थित महापौर, आयुक्त एवं एनटीपीसी के अधिकारी।

# फल दुकान से लाखों की चोरी करने वाला युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत भैसमा में फल दुकान संचालित करने वाले लक्ष्मीकांत मिश्रा ने 4 नवंबर 2024 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके फल दुकान में रखे थैला में 1 लाख 80 हजार रूपये को उसका नौकर प्रदीप पटेल जो उसके फल दुकान में काम करता था चोरी कर लेकर भाग गया था। मामले में लक्ष्मीकांत की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर आरोपी की खोजबीन शुरु की थी। प्रकरण में मुखबीर से सूचना मिली कि आरोपी प्रदीप पटेल अपने घर बेंदरकोना आया हुआ है। आरोपी को थाना तलब कर लाया गया आरोपी बेंदरकोना निवासी प्रदीप पटेल उम्र 24 वर्ष पिता अमृत लाल पटेल से पूछताछ की गई तो उसने दुकान से 1 लाख 80 हजार रुपए की चोरी करना स्वीकार कर लिया। आरोपी प्रदीप पटेल के द्वारा चोरी के रकम को जम्मु काश्मीर, राउरकेला मे घूम फिर कर खर्च करना बताया। शेष बचे 50 हजार रुपए पेश किया गया है।


पकड़ा गया चोरी का आरोपी।

30 korba-bhoomipg2_Layout 1 5/1/2025 12:02 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### संतोष मिश्रा तीसरी बार बने सांसद प्रतिनिधि



**कोरबा।** सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत द्वारा अधिवक्ता डॉ संतोष मिश्रा को खाद्य विभाग रामपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए लगातार तीसरी बार अपनी प्रतिनिधि नियुक्त किये हैं। तीसरी बार सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किए गए जाने पर समर्थकों में हर्ष व्याप्त है। डॉ संतोष मिश्रा ने कहा कि सेवा परमो धर्मः जन सेवा ही मनुष्य का परम धर्म है और होना चाहिए।

### कृषि महाविद्यालय में मनाया गया अक्ती का त्यौहार



**कोरबा।** खरीफ फसल के लिए खेती की शुरुआत करने अक्षय तृतीय के पवन अवसर पर अक्ती तिहार कृषि महाविद्यालय एवं केवीके कोरबा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। जिसमें सर्वप्रथम स्थानीय बैगा के द्वारा पूर्ण विधि विधान से पूजा कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई तत्पश्चात कृषि महाविद्यालय कोरबा के अधिष्ठाता डॉ एस एस पोर्ते एवं डॉ एस के उपाध्याय वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख केवीके कोरबा ने पूजा किया तत्पश्चात सांकेतिक रूप में धान बीज की बोनी खेत में की गई तथा कृषि उपकरणों को निकालकर खेती के लिए तैयार किया गया और ग्रीष्म कालीन खेतों की गहरी जुताई की शुरूआत की गई एवं खेतों के मेढ़ो की सफाई की गई। कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय कोरबा से सहायक प्राध्यापक डॉ रोशन भारद्वाज, डॉ आकांक्षा पाण्डेय, डॉ वी एन गौतम, डॉ डी के चौधरी फार्म मैनेजर जालम सिंह के साथ समस्त स्टाफ एवं छात्र छात्रों ने भाग लिया। जिसमें केवीके से वैज्ञानिक डी के तवर, प्रियल पाण्डेय, एम एस उर्रे, सुलोचना के साथ सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ठाकुरदेव को धान अर्पित कर मनाया अक्ति तिहार



**हरदीबाजार।** पाली ब्लॉक के ग्राम बोईदा में अक्षय तृतीया (अक्ती तिहार) का पर्व उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। यह पर्व गांव में बेहतर फसल उत्पादन और प्रकृति के प्रति आभार जताने के उद्देश्य से सालों से मनाया जा रहा है। गांव के बुजुर्गो से चली आ रही इस परंपरा ठाकुर देव की पूजा की गई। बच्चे, युवा अपने अपने घर से टोकरी में धान लेकर पहुंचते हैं। इसके बाद उस धान को टोकरी में भरकर बैगा द्वारा ठाकुर देव स्थल पर गोल-गोल घुमते हुए बच्चे हल चलाते हुए रस्म निभाते नजर आए। बैगा उदय सिंह मरावी व बलदेव जगत और गांव जनपद सदस्य कौशल श्रीवास, राजकुमार मरावी,गिलाम पटेल एवं गांव के लोगों द्वारा ठाकुर देव और प्रकृति का स्मरण करते हुए अच्छी बारिश और भरपूर फसल की कामना करते हैं।इस अवसर पर गांव के सभी लोग अपने अपने घर से धान लेकर पहुंचे और पूजा स्थल पर अर्पित किया। इसके बाद उसी धान को पुनः अपने घर लाया गया।

### धतुरा के पूर्व माध्यमिक शाला में उत्तीर्ण बच्चों का किया गया सम्मान

**हरदीबाजार।** पूर्व माध्यमिक शाला धतूरा स्कूल में पिछले 8 वर्षों से शिक्षक खुलेश्वर प्रसाद भारद्वाज द्वारा बच्चों को मेडल एवं शील्ड के साथ सम्मानित करते आ रहे हैं जिसमें इस बार भी पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों को मेडल एवं शील्ड के साथ स्कूल में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी बच्चों को शील्ड के साथ एवं ज्यादा से ज्यादा उपस्थिति दर्ज करने वाले बच्चों को मेंडल के साथ सम्मानित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जन भागीदारी एवं विकास प्रबंधक समिति के अध्यक्ष दुर्गेश कश्यप एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में समाज सेवक रवि राठौर उपस्थित होकर मेडल एवं शील्ड का वितरण किये और शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दुर्गेश कश्यप व समाज सेवी रवि राठौर ने सभी छात्र छात्राओं को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## निधन

### श्रीमती तिरिथ बाई राठौर



**हरदीबाजार।** हरदीबाजार शांतिनगर निवासी प्रीतम राठौर की दादी श्रीमती तिरिथ बाई राठौर उम्र 83 वर्ष का बिलासपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान 25 अप्रैल को निधन हो गया। वे स्व.सेतराम राठौर पोड़ी वाले की मां थी, वे अपने पीछे दो पुत्र,तीन पुत्री व नाती - पोता,पर पोता-पोती से भरा पूरा परिवार अपने पीछे रोता बिलखता छोड़ गए। जिनका अंतिम संस्कार हरदीबाजार के मुक्ति धाम में किया गया , जिसमें परिवार, समाज व गांव से लोग शामिल हुए।

## प्रत्येक आयुष डिस्पेंसरी में बुजुर्गों के उपचार के लिए होगी अलग व्यवस्था

# आयुष विभाग बुजुर्गों के स्वास्थ्य के लिए चलाएगा सियान जतन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आयुष विभाग जिले में 60 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्गों को स्वास्थ्य सुविधा के लिए सियान जतन के नाम से कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके लिए सभी ग्रामीण अंचलों के डिस्पेंसरी में बुजुर्गों के स्वास्थ्य और योगा के लिए अलग से व्यवस्था की जाएगी और उन बुजुर्गों का रिकार्ड दर्ज किया जाएगा। गंभीर बीमारी होने की स्थिति में उन्हें बाहर उपचार के लिए भेजने की व्यवस्था की गई है।

**खास बात**

- ग्रामीण क्षेत्रों में वयो मित्र के नाम से घर घर जाएंगे चिकित्सक



आमतौर पर बुजुर्ग व्यक्ति अपने उपचार के लिए आयुष विभाग के डिस्पेंसरी स्वास्थ्य जनक कारणों से नहीं पहुंच पाते हैं। ऐसे बुजुर्ग व्यक्तियों के घर तक आयुष विभाग की टीम पहुंचेगी। जिनका घर में उपचार करने के साथ सप्ताह में एक दिन आयुष विभाग के चिकित्सक बीमार बुजुर्गों के घर जाकर उनका स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे। इसके अलावा डिस्पेंसरी आने वाले बुजुर्गों को अलग से उपचार की व्यवस्था की गई है। सियान जतन के नाम से चलने वाले इस कार्यक्रम के तहत वयो मित्र भी बनाए गए हैं। जिनकी जिम्मेदारी आयुष उपचार पद्धति को वरिष्ठ नागरिकों तक पहुंचाने की है। जिले में आयुष मित्र बनाने का कार्य भी डिस्पेंसरी के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण अंचलों के युवाओं को बनाया जा रहा है।

**प्रत्येक डिस्पेंसरी में पदस्थ हो रहे हैं योग प्रशिक्षक**

सियान जतन योजना अंतर्गत बुजुर्गों को आयुर्वेद उपचार की सुविधा देने के साथ साथ उनमें योगा के प्रति रुझान लाने के लिए आयुष विभाग की प्रत्येक डिस्पेंसरी में योग प्रशिक्षक की पदस्थापना की जा रही है। जिनके द्वारा सुबह 7 बजे से योगा सीखाने का कार्य किया जाएगा। फिलहाल पांच डिस्पेंसरियों में योग प्रशिक्षकों की पदस्थापना की जा चुकी है। जिनके द्वारा आयुर्वेद डिस्पेंसरी के परिसर में ही बुजुर्गों को योगा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## कराटे चैंपियनशिप में जिले के खिलाड़ियों ने 9 गोल्ड सहित जीते 20 मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कराटे एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ स्टेट करा‍टे चैंपियनशिप 2025 का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में अपनी कोच प्रेरणा मुनि के नेतृत्व में कोरबा जिले के 10 खिलाड़ियों ने शौर्य प्रदर्शन किया। अपनी खेल प्रतिभा प्रस्तुत करते हुए जिले की करा‍टे टीम ने कुल 20 मेडल प्राप्त किए हैं। जिले का प्रतिनिधित्व कर लौटे सभी मेडल विजेता खिलाड़ी विनायक पब्लिक स्कूल बांकीमोंगरा के विद्यार्थी हैं। जिन्होंने अपनी प्रतिभा से जिले का नाम रोशन किया है। अंबिकापुर के जेल रोड स्थित फील आनंदम स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में आयोजित प्रतियोगिता में प्रदेशभर के 12 जिलों से लगभग 200 खिलाड़ी शामिल हुए और आत्मरक्षा की इस रोमांचक विधा में अपनी-अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मेडल जीतकर लौटे विनायक पब्लिक स्कूल के होनहार खिलाड़ी छात्रों में कुनाल कश्यप ने दो गोल्ड जीते। इसी तरह अभिषेक सिंह ने एक गोल्ड व एक सिल्वर, झील कुर्रे ने एक गोल्ड एक सिल्वर, युवान कुर्रे ने एक गोल्ड एक सिल्वर, कृति पटेल ने एक गोल्ड एक ब्रांज, शाम्या ने एक सिल्वर, एक ब्रांज, अनादिल ने एक गोल्ड एक सिल्वर, अंशिका ने एक सिल्वर एक ब्रांज व आलोक महंत ने 2 ब्रांज मेडल जीतकर अपने विद्यालय, माता-पिता, गुरुजनों एवं कोरबा को गौरवान्वित किया है।

## सरस्वती शिशु मंदिर कोरबा में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



परीक्षा परिणाम के दौरान छात्र-छात्राएं व अतिथिगण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सरस्वती शिशु मंदिर बुधवारी बाजार कोरबा ने अपने वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। इस वर्ष का सफलता प्रतिशत 98.16 रहा और अधिकतर कक्षाओं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। स्कूल प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर खुशी जताई है। स्कूल में लगभग 3 हजार छात्र-छात्राएं हैं। परिणाम की घोषणा के साथ ही मेधावी छात्रों को सम्मानित करने के लिए एक समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य मुख्य अतिथि विकास जोशी ने छात्रों को निरंतर प्रयास और लक्ष्य के प्रति समर्पण की प्रेरणा दी। विकास जोशी ने कहा कि यह परिणाम मेहनत, समर्पण और सही मार्गदर्शन का फल है। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों की भूमिका को सराहा। समारोह में मेधावी छात्रों को शील्ड और प्रगति पत्रक देकर सम्मानित किया गया। बड़ी संख्या में अभिभावक, माताएं और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। स्कूल प्राचार्य राजकुमार देवांगन ने भी छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इससे पहले स्कूल में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। 29 अप्रैल को कक्षा 1 से 4 तक का परिणाम घोषित किया गया था जबकि 30 अप्रैल को कक्षा 6, 7, 9 और 11 का परिणाम घोषित किया गया।

## कटघोरा में मनाया गया भगवान परशुराम जन्मोत्सव



पूजा में शामिल श्रद्धालुगण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

सर्व ब्राह्मण समाज कटघोरा के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान परशुराम का जन्मोत्सव श्री राधाकृष्ण मंदिर परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन एवं श्रद्धालु शामिल रहे।

पूजन कार्यक्रम के उपरांत मंदिर प्रांगण में उपस्थित सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इसके साथ ही, समाज के सदस्यों ने सेवा कार्य करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटघोरा में भर्ती मरीजों को भी प्रसाद वितरण किया। यह सेवा कार्य समाज के सामाजिक सरोकारों और जनकल्याण की भावना को दर्शाता है। सर्व ब्राह्मण समाज कटघोरा के अध्यक्ष मुरारीलाल त्रिपाठी सहित देवेंद्र कौशिक, देव दुबे, अनीश पांडेय, राकेश शर्मा, नवीन शर्मा, पप्पू पांडेय, प्रेम दुबे, अमित कौशिक एवं अन्य समाज प्रमुखों की उपस्थिति रही। सभी ने मिलकर कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित की और सामाजिक एकता का उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के समापन पर समाज के सदस्यों ने भगवान परशुराम के जीवन आदर्शों को आत्मसात करने और समाजहित में कार्य करने की प्रेरणा ली। संपूर्ण आयोजन शांतिपूर्ण, गरिमामयी और भक्ति भाव से परिपूर्ण रहा।

**खास बात**

- सर्व ब्राह्मण समाज ने स्वास्थ्य केन्द्र में भी बांटा प्रसाद

**शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में निकली रैली व शोभायात्रा**

अक्षय तृतीय के अवसर पर भगवान परशुराम की जयंती ब्राम्हण समाज द्वारा शहर और उपनगरीय क्षेत्रों के द्वारा हर्षोल्लास के द्वारा मनाया गया। मंगलवार को सीतामणी रामजानकी मंदिर से कोसाबाड़ी हनुमान मंदिर तक बाइक रैली युवा ब्राम्हण संघ द्वारा निकाली गई थी। बुधवार को जयंती के अवसर पर उपनगरीय क्षेत्र बालको में सेक्टर 3 गौरीशंकर मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। इसी तरह शहर में भी शोभायात्रा निकाली गई थी। इस दौरान एसईसीएल हेलीपेड स्थित समाज के सभा भवन में जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया।



## स्कूल परिसर के समीप राखड़ डंप करना बना परेशानी का सबब



स्कूल समीप डंप की गई राख।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा से लगी जमीन पर भारी मात्रा में राखड़ डंप करने से डस्ट विद्यालय परिसर एवं क्लास रूम तक पहुंच रहा है, जिसके कारण अध्यापकों एवं बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

विद्यालय परिसर के 100 मीटर की परिधि में राखड़ डंप प्रतिबंधित है, इसके बावजूद भी विद्यालय परिसर से लगी जगह पर भारी मात्रा में गड्ढे को राखड़ से भरा जा रहा है और रोज कई भारी गाडिय़ां विद्यालय के किनारे से गुजर रही हैं, जिसके कारण दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। विद्यालय के चेयरमेन लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल ने इसकी शिकायत कलेक्टर से की है। कलेक्टर ने पर्यावरण संरक्षण विभाग को आवश्यक कार्यवाही का निर्देश दिया है, लेकिन पर्यावरण विभाग सो रहा है। नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा विद्यालय प्रबंधन ने विद्यालय परिसर में खेल मैदान के साथ निजी बंजर भूमि पर आक्सीजोन का निर्माण कराया है, ताकि क्षेत्र का पर्यावरण बेहतर बन सके। यहां रोजाना राखड़ डंप करने से आक्सीजोन पर भी खतरा मंडरा रहा है। लायन डॉ. अग्रवाल ने राखड़ परिवहन को तत्काल बंद करने की मांग की है।

## कटघोरा स्वास्थ्य केंद्र द्वारा बाऊंड्रीवाल निर्माण की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



नवागांव वार्ड क्रमांक 5 में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एक नए विवाद में घिरता नजर आ रहा है। स्वास्थ्य केंद्र प्रशासन द्वारा पुराने बाऊंड्रीवाल की सीमा को पार करते हुए सड़क तक नई बाऊंड्रीवाल निर्माण की तैयारी की जा रही है।

वर्तमान में स्वास्थ्य केंद्र की सीमा पुराने बाऊंड्रीवाल तक ही सीमित है। पटवारी से प्राप्त जानकारी में यह स्पष्ट हुआ है कि बाऊंड्रीवाल के आगे की जमीन स्वास्थ्य केंद्र की नहीं है। यह भूमि हाई स्कूल की बाउंड्री और नवागांव को जोड़ने वाले मुख्य रास्ते के हिस्से में आती है, जो वर्षों से आम नागरिकों के उपयोग में रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि स्वास्थ्य केंद्र द्वारा सड़क तक बाऊंड्रीवाल का निर्माण किया गया, तो यह न केवल सार्वजनिक रास्ते को बाधित करेगा, बल्कि पास में स्थित विद्युत विभाग का ट्रांसफॉर्मर भी बाऊंड्रीवाल के भीतर आ जाएगा। इस मामले पर जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बीएमओ डॉ. रंजना तिर्की का कहना था कि जिस भूमि पर निर्माण कार्य किया जा रहा है, वह स्वास्थ्य विभाग की स्वामित्व वाली है। उन्होंने बताया कि बाऊंड्रीवाल सुरक्षा कारणों से बनाई जा रही है। स्थानीय निवासियों और क्षेत्रीय पार्षद मधुलता जायसवाल ने इस मामले की शिकायत राजस्व विभाग से की है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### एसईसीएल के...

परिचालन क्षेत्रों के संयुक्त प्रयासों के तहत, सैंपलिंग प्रक्रिया को सख्त बनाया गया है, तकनीकी निरीक्षण में उत्तरदायित्व तय किया गया है और निगरानी प्रणाली में पारदर्शिता लाई गई है। इन कदमों से कोयला की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। केंद्रीय सतर्कता आयोग ने एसईसीएल द्वारा अपनाई गई इन रणनीतियों को अन्य कोयला कंपनियों के लिए अनुकरणीय उदाहरण बताया। आयोग ने सुझाव दिया कि अन्य कंपनियों को भी इसी प्रकार की पहल अपनाकर अपने कार्यप्रणाली में सुधार लाना चाहिए। बैठक में केंद्रीय सतर्कता आयोग, कोयला मंत्रालय, कोल इंडिया लिमिटेड एवं उसकी अनुषंगी कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों की उपस्थिति रही।

### चलती बोलेरो में...

ने उपकरण से आग बुझने का प्रयास किया पर कोई फायदा नहीं हुआ। इसके बाद पुलिस और फायर ब्रिगेट को कॉल किया गया। करीब 20 मिनट बाद दमकल पहुंची और आग पर काबू पाया। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

**न्यायालय तहसीलदार कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

रा.प्र.क. 202501050700069/
बी-121/2023-24
ग्राम धवईपुर प.ह.नं.
तहसील कटघोरा जिला कोरबा

एतद् द्वारा आम जनता मौजा धवईपुर प.ह.नं. 09 रा.नि.मं. कटघोरा तहसील कटघोरा को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कु. निर्मला गुप्ता पिता राजेन्द्र गुप्ता निवासी ग्राम धवईपुर तहसील कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.) ने अपने स्वयं के शिक्षा / शासकीय नौकरी में आरक्षण हेतु ई.डब्ल्यू.एस. प्रमाण पत्र (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र) प्राप्त करने बाबत आवेदन पेश किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो अपना दावा आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 14/05/2025 को न्यायालयीन समय 11:00 बजे उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात किये जाने दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

स्थानः-कटघोरा

**तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. 202504050700054
अ-27/2024-25
ग्राम कटघोरा, प.ह.नं. 06
तहसील-कटघोरा

एतद् द्वारा आम जनता मौजा ग्राम कटघोरा, प.ह.नं. 10, रा.नि.मं. कटघोरा, तहसील-कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण मदनलाल पिता गनपत राम, एवं अन्य 02 सभी जाति-अग्रवाल, निवासी ग्राम-बांकीमोंगरा, तहसील-कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.) द्वारा ग्राम कटघोरा, प.ह.नं. 10, तहसील-कटघोरा, स्थित शामिलात खाते की भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 113/5 (शा.नं. 114/3), 115/1/ख (शा.नं. 180/2, 181/2,182/2/ख) एवं 115/2/क रकबा क्रमशः 0.145, 0.364 एवं 0.186 हे. कुल खसरा नं. 03 कुल रकबा 0.695 हे. भूमि जो राजस्व अभिलेख में मदन लाल पिता गनपत राम, कुसुम देवी पति मदन लाल, मुकेश कुमार पिता मदन लाल के नाम पर शामिलात खाते में दर्ज है। जिसे आवेदक द्वारा आपस में सहखातेदारों के मध्य पूर्व आपसी बटवारा अनुसार खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह प्रकरण में सुनवाई दिनांक 19/05/2025 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति जो कुछ भी हो पेश कर सकते है । नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

स्थानः-कटघोरा

**तहसीलदार**
**कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.)**

TOP IN KORBA




अग्रवाल एजेंसी
कोरबा रोड कटघोरा
99263 62800
98930 06380

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनोरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

# आज 1 मई श्रमिक दिवस पर विशेष...



कोल इण्डिया एससी/एसटी इम्पलाइज असोसिएशन 'सिस्टा'
मजदूर दिवस पर समस्त मजदूर वर्ग का
सादर अभिनंदन करता है...
अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस
की
हार्दिक बधाई...
आर.पी. खाण्डे
राष्ट्रीय अध्यक्ष-कोल इण्डिया एससी/ एसटी
इम्पलाइज असोसिएशन 'सिस्टा' कोल इण्डिया लिमिटेड




हमारे समाज में मजदूर वर्ग को हमेशा गरीब इन्सान समझा जाता है, धुप में मजदूरी करने वालों को ही हम मजदूर समझते है. इसके विपरीत मजदूर समाज वह अभिन्न अंग है,

जो समाज को मजबूत व् परिपक्व बनाता है, समाज को सफलता की ओर ले जाता है. मजदूर वर्ग में वे सभी लोग आते है, जो किसी संस्था या निजी तौर पर किसी के लिए काम करते है और बदले में मेहनतामा लेते है। शारीरिक व् मानसिक रूप से मेहनत करने वाला हर इन्सान मजदूर है, फिर चाहे वह ईट सीमेंट से सना इन्सान हो या एसी ऑफिस में फाइल के बोझ तले बैठा एक कर्मचारी. इन्ही सब मजदूर, श्रमिक को सम्मान देने के लिए मजदूर दिवस मनाया जाता है।

अन्तराष्ट्रीय मजदूर दिवस को अन्तराष्ट्रीय कर्मचारी दिवस व मई दिवस भी कहते हैं, इसे पूरी दूनिया में अन्तराष्ट्रीय तौर पर मनाया जाता है, ताकि मजदूर एसोसिएशन को बढ़ावा व प्रोत्साहित कर सके मजदूर दिवस 1 मई को पूरी दूनिया में मनाया जाता है, यूरोप में तो इसे पारंपरिक तौर पर बसंत की छुट्टी घोषित किया गया है। दूनिया के लगभग 80 देशों में इस दिन को नेशनल हॉलिडे घोषित किया गया है, कुछ जगह तो इसे मनाने के लिए कार्यक्रम भी आयोजित होते हैं। भारत में हम इसे श्रमिक दिवस भी कहते है। मजदूर को मजबूर समझना हमारी सबसे बड़ी गलती है, वह अपने खून पसीने की खाता है. ये ऐसे स्वाभिमानी लोग होते है, जो थोड़े में भी खुश रहते है एवं अपनी मेहनत व लगन पर विश्वास रखते है, इन्हें किसी के सामने हाथ फैलाना पसंद नहीं होता है।




MAY
International
WORKERS DAY
समस्त जिलेवासियों को
अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस
की हार्दिक बधाई...
बी.धर्मा राव
उप महामंत्री एवं सदस्य सुरक्षा समिति एसईसीएल
सचिव-एटक कोरबा एरिया

राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान
देने वाले सभी श्रमिकों को
अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेन्द्र मिश्रा
महामंत्री-कोरबा क्षेत्र
एच.एम.एस. यूनियन कोरबा

संजय सिंह
राष्ट्रीय महासचिव इंटक, प्रदेश अध्यक्ष छ.ग इंटक
जयप्रकाश यादव
महासचिव -बालको इंटक
विजय सिंह
यूथ इंटक -जिला अध्यक्ष कोरबा
राष्ट्र निर्माण में जुटे सभी कर्मठ श्रमिक भाईयों को
मजदूर दिवस
की हार्दिक बधाई...
गिरधारी बरेठ इंटक बालको

राष्ट्र निर्माण में जुटे सभी कर्मठ श्रमिक भाईयों को
अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस
की हार्दिक बधाई...
गोपाल नारायण सिंह
केन्द्रीय अध्यक्ष-साउथ इस्टर्न कोयला मजदूर कांग्रेस (इंटक)
सदस्य-संचालन समिति, एस.ई.सी.एल.

राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान
देने वाले सभी श्रमिकों को
अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
जयप्रकाश यादव, महासचिव व
समस्त कार्यकारिणी, बालको इंटक

गेवरा क्षेत्र के समस्त श्रमवीरों को
1 मई मजदूर दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
सांप्रदायिक एवं कार्पोरेट गठजोड़
के खिलाफ संघर्ष और तेज करें...
आईये, गेवरा क्षेत्र के तमाम बहादुर साथियों उद्योग व मजदूर हितों की रक्षा के लिए कोयला श्रमिक संघ (सीटू) दृढ़ संकल्पित है, मेहनतकशों को उनके वाजिब हक दिलाने की लड़ाई निरंतर जारी रखेगा
का. अजय प्रताप सिंह
के एस एस सीटू, गेवरा क्षेत्र
का. जनाराम कर्ष
क्षेत्रिय सचिव
लीलांबर शर्मा - परियोजना अध्यक्ष
संतोष मिश्रा - परियोजना सचिव
अनिमेष खरे - क्षेत्रीय सुरक्षा समिति सदस्य
के के मिश्रा - क्षेत्रीय सुरक्षा समिति सदस्य
अजित सिंह - परियोजना सुरक्षा समिति सदस्य
गौरी शंकर सिंह - क्षेत्रीय कल्याण समिति सदस्य
विनीत : कोयला श्रमिक संघ (सीटू) गेवरा क्षेत्र/परि.

समस्त श्रमवीरों को
मई दिवस की हार्दिक
बधाई एवं शुभकामनाएं...
मा.रेशमलाल यादव - अध्यक्ष (के) SECL
मा.नाथूलाल पांडेय - महामंत्री (के) SECL
अनिरूद्ध सिंह - का.अध्यक्ष-गेवरा क्षेत्र
एस.डी.मानिकपुरी - महामंत्री-गेवरा क्षेत्र
तरूण कुमार राहा - महामंत्री-दीपका क्षेत्र
गिरजा साहू - J.C.C.मेयर-दीपका क्षेत्र
एस.सी.मंसूरी - उप महामंत्री, गेवरा क्षेत्र
जी उद्दान - अध्यक्ष-दीपका प्रोजेक्ट
अमृतलाल चंद्रा - सचिव-दीपका प्रोजेक्ट
अनुज राम - अध्यक्ष-गेवरा प्रोजेक्ट
एस.जायसवाल - अध्यक्ष-गे.क्षे.ई.
एस रॉबिंसन - सचिव-गे.क्षे.ई.
राकेश बेंजामिन - अध्यक्ष-CEWS गेवरा
बी.एल.खुंटे - सचिव-CEWS गेवरा
विनीत-कोयला मजदूर सभा (HMS) परिवार- गेवरा-दीपका क्षेत्र

1 मई मजदूर दिवस की
सभी मजदूर साथियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्री आर.सी.चेट्टी - महासचिव-फेडरेशन-01
सरोज राठौर - प्रांतीय संगठन सचिव फेडरेशन 01
पवन दास - प्रांतीय प्रचार सचिव-फेडरेशन-01
घनश्याम साहू - प्रांतीय जोनल सचिव-फेडरेशन-01
संतोष सिंह - अध्यक्ष कोरबा पूर्व -फेडरेशन-01
छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन पंजीयन क्रमांक 01 कोरबा छ ग

मई दिवस के अवसर पर
हार्दिक अभिनंदन और शुभकामनाएं...
इस उम्मीद के साथ कि आने वाले समय दुनिया के मेहनतकश मजदूर चट्टानी एकता के साथ लामबंद होकर अपने संघर्षो के जरिए पूरे दुनिया मे पूंजीवाद को पूरी तरह परास्त करेगा और समाजवाद स्थापना के लक्ष्य को प्राप्त करने मे कामयाब होगा इसके साथ ही एटक युनियन मेहनतकशों के शोषण, अत्याचार एवं अन्याय के खिलाफ गोलबंद होकर अपने संघर्ष को और तेज करेगा।
दीपेश मिश्रा
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष- भारतीय खान मजदूर फेडरेशन, एटक
एवं कार्यवाहक अध्यक्ष प्रदेश एटक

30 korba-bhoomi-pg4_Layout 1 5/1/2025 12:00 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पद पर भर्ती हेतु चयन एवं प्रतीक्षा सूची जारी

**कोरबा।** जिला खनिज न्यास मद अंतर्गत ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरुष के रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया के तहत दावा आपत्ति निराकरण सूची एवं अनंतिम मेरिट सूची के संबंध में दावा आपत्ति आमंत्रित की गई थी। दावा आपत्ति निराकरण पश्चात दावा आपत्ति निराकरण सूची, अंतिम मेरिट सूची, चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन कर कार्यालयीन सूचना पटल पर चस्पा किया गया है साथ ही जिले के वेबसाइट में सर्व संबंधितों के अवलोकना हेतु अपलोड़ कर किया गया है।

### पांच पंचायतों में हुआ सामाजिक अंकेक्षण



**कोरबा।** मनरेगा के तहत पारदर्शिता लाने और सामाजिक भागीदारी को मजबूत करने की दिशा में जिले की सामाजिक अंकेक्षण इकाई द्वारा निरंतर सराहनीय प्रयास किए जा रहे हैं। जनपद पंचायत कोरबा करतला एवं कटघोरा के 05 ग्राम पंचायतों में इस उद्देश्य से सामाजिक अंकेक्षण की प्रक्रिया सक्रिय रूप से की गई है। ग्राम पंचायत सकदुकला, कटकोना पसरखेत, जोगीपाली एवं दर्री में 23 अप्रैल से 29 अप्रैल तक एक सप्ताह चलने वाली इस प्रक्रिया के तहत ग्राम सामाजिक अंकेक्षक दल के द्वारा कार्य संबंधी दस्तावेजों का अवलोकन और सत्यापन, निर्माण कार्यों का भौतिक निरीक्षण तथा घर-घर जाकर सर्वेक्षण किया गया। इन सभी तथ्यों के आधार पर एक विस्तृत प्रतिवेदन तैयार किया गया है। इस प्रतिवेदन को ग्राम सभा में सार्वजनिक रूप से वाचन कर ग्रामीणों के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहाँ आवेदक और अनावेदक दोनों को अपने पक्ष रखने का अवसर प्रदान किया गया। चर्चा और सुझावों के उपरांत ग्रामवासियों की सामूहिक सहमति से प्रतिवेदन को अंतिम रूप दिया गया। जहां कलेक्टर द्वारा प्राधिकृत अधिकारी, जैसे कि तहसीलदार या अनुविभागीय अधिकारी, उपस्थित रहकर आवश्यक निर्णय देंगे। सीईओ जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग ने बताया कि सामाजिक अंकेक्षण न केवल शासन और समाज की जवाबदेही सुनिश्चित करती है, बल्कि ग्रामीणों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने का सशक्त माध्यम भी बन रही है। उन्होंने बताया कि मनरेगा के सभी कार्यों का नियमानुसार सामाजिक अंकेक्षण कराया जाता है जिसका लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है।

### सीईओ जिला पंचायत ने स्वच्छ भारत मिशन की ली समीक्षा बैठक



**कोरबा।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग ने बुधवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा बैठक लेकर निर्माण कार्यों को गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निश्चित समय अवधि में पूर्ण करने के निर्देश उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को दिए। श्री नाग ने निर्देश दिए कि सभी विकासखंडों में बनाए जा रहे फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण कार्य एवं कटघोरा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत ढेलवाडीह में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट व निर्माण कार्य को गुणवत्ता पूर्ण तरीके से शीघ्र ही पूर्ण करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में सहायक परियोजना अधिकारी, सरपंच, अनुविभागीय अधिकारी आरईएस कटघोरा, उप अभियंता, जिला समन्वयक, विकासखंड समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन सहित ग्राम पंचायत जामबहार,सालिहाभांठा, ढेलवाडीह, केराझरिया, कोनकोना के सचिव उपस्थित रहे।

## कोरबा में 61 तो कटघोरा में 46 हाथी डाले हुए हैं डेरा

# कभी 5 हाथी आने पर मच जाता था हड़कंप, अब 100 से अधिक गजराज जंगल में कर रहे हैं चहलकदमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले का जंगल हाथियों को जमकर रास आ रहा है। एक समय ऐसा था कि 8 से 10 हाथियों के झुंड के दस्तक देने पर पूरा वन अमला अलर्ट मोड पर आ जाता था लेकिन अब कोरबा के जंगल की बात करें तो

**खास बात**

- कटघोरा में एक दंतैल ही मचा रहा है उत्पात

बिलासपुर सर्किल के अंतर्गत कोरबा के जंगल में लगभग 100 से अधिक गजराजों की धमक बोल रही है लेकिन इसके बाद भी कोई बड़ी जनधन की हानि नहीं हो रही है। गजराज अपने रास्ते जंगल में विचरण कर रहे हैं और बड़े आराम से वन अमले की टीम उनकी निगरानी करने में जुटे हुए हैं। एक आध हाथी को छोड़ दिया जाए तो बाकी हाथियों का झुंड एक रास्ते से जाना और दूसरे रास्ते से वापस आने का काम कर रही है। जिससे काफी हद तक वन अमले को राहत भी मिली है।

उल्लेखनीय है कि लगभग दो दशक पहले 4 की संख्या में हाथियों ने कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज में अपनी दस्तक दी थी और इनकी संख्या लगातार बढ़ती चली गई और हाथी पहले जंगल में जमकर जान माल का नुकसान करते थे लेकिन अब स्थिति लगातार बदलती जा रही है। हाथियों को कोरबा व कटघोरा वनमंडल का जंगल जमकर रास आ रहा है। अब ये हाथी जंगल को अपना स्थाई ठिकाना बना चुके हैं। बिलासपुर वृत्त के अंतर्गत आने वाले कोरबा और कटघोरा वनमंडल की बात करें तो मौजूदा स्थिति में सबसे अधिक हाथियों का झुंड जंगल में विचरण कर रहा है लेकिन इसके बाद भी ना ही किसी तरह की कोई जनधन की हानि हो रही है और ना ही कोई बड़ा नुकसान हो रहा है। इससे वन विभाग को काफी हद तक राहत भी है। मौजूदा स्थिति की बात करें तो कटघोरा वनमंडल में 46 साथियों का झुंड विचरण कर रहा है। जिसमें 12 हाथियों का झुंड केंदई रेंज के कोरबी सर्कल में डेरा डाला हुआ है जबकि 34 हाथी पसान रेंज में विचरण कर रहे हैं। इसी तरह कोरबा वनमंडल की बात करें तो लगभग 61 हाथियों का झुंड कुदमुरा, बालको, लेमरु वन परिक्षेत्र में अलग-अलग झुण्ड में विचरण कर रहे हैं। पिछले कई दिनों से क्षेत्र में विचरण करने के बाद भी इन हाथियों ने अब तक कोई बड़ी जन-धन की हानि नहीं पहुंचाई है। वन विभाग की टीम इन हाथियों की निगरानी के लिए ड्रोन कैमरे के माध्यम से निगरानी करने में जुटा हुआ है। साथ ही वन विभाग के अधिकारियों को पल-पल की रिपोर्टिंग की जा रही है और हाथी प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर ग्रामीणों को मुनादी कर सजग किया जा रहा है।



कटघोरा वन मंडल में सड़क पार करता हाथियों का झुंड।

### हाथी और मानव द्वंद के ग्राफ में आयी कमी

पिछले दो दशक के दौरान हाथियों के कुनबे में बेतहाशा वृद्धि हुई है तो वहीं दूसरी ओर हाथी और मानव द्वंद के आंकड़ों में कमी दर्ज की गई है। एक समय ऐसा था कि हर दूसरे महीने हाथी के कुचलने से ग्रामीणों की मौत होती थी अब ऐसी घटनाएं बहुत कम हो रही है। कटघोरा वनमंडल की बात करें तो दंतैल हाथी के उत्पात को छोड़ दें तो बाकि शेष हाथी जंगल में ही विचरण कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर हाथियों को जंगल में उनके रहने के लिए बेहतर रहवास मिल सके इसके लिए शासन ने लेमरू एलिफेंट कॉरिडोर की दिशा पर पहल की है और इसके लिए विभिन्न वनमंडल को चयनित भी किया गया है लेकिन कॉरिडोर को डेवेलप करने का काम अब तक तेज गति से शुरू नहीं हो पाया है जिसके चलते वन्य जीव प्रेमियों को निराशा हाथ लगी है।

### 29 बेबी एलीफेंट हैं जंगल में

जिले के कोरबा वनमंडल के 4 वन परिक्षेत्र में कुल 61 हाथियों की चहलकदमी है। जिसमें बालको वन परिक्षेत्र के खूंटामुड़ा में 13 हाथी, लेमरु में 39, करतला में 6 तो कुदमुरा में 3 हाथी डेरा डाले हुए हैं जिसमें कुल 16 बेबी एलीफेंट शामिल हैं जबकि 30 मादा और 15 नर हाथी विचरण कर रहे हैं जबकि इसी तरह कटघोरा वनमंडल में 46 हाथियों के झुण्ड में 6 नर, 27 मादा और 13 बेबी एलीफेंट विचरण कर रहे हैं।

# प्लास्टिक के पॉलीथिन में अवैध शराब का खेल, 105 लीटर शराब जब्त



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जब्त महुआ शराब।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर शराब बनाने व बेचने वालों के खिलाफ सघन अभियान चलाया जा रहा है। पिछले कुछ दिनों के दौरान जिला पुलिस ने शराब के मामले में दर्जनों लोगों को सलाखों के पीछे भेज चुकी है। वहीं इस कड़ी में उरगा व कटघोरा पुलिस ने फिर से अवैध शराब के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। जहां 100 लीटर से अधिक महुआ शराब जप्त किया है और आबकारी अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपियों को जेल भेजा है।

**खास बात**

- जिला पुलिस अवैध शराब के खिलाफ चला रही है विशेष मुहिम

कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने मुखबीर की सूचना पर क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 5, बिंझवार मोहल्ला में चार अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर कुल 70 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त किया और 10 क्विंटल महुआ लाहन जब्त की गई, जिसे बाद में मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इसके साथ ही शराब निर्माण में उपयोग होने वाले भट्ठी और बर्तन भी पुलिस द्वारा जप्त किए गए। इस कार्यवाही के दौरान चार आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपियों में सुखरू केंवट, पिता स्व. बिपद केंवट, संजय केंवट, पिता स्व. धरम केंवट, अशोक बाई, पत्नी स्व. सत्यनारायण केंवट, अनुराधा केंवट, पति संतराम केंवट शामिल हैं। सभी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत कानूनी कार्यवाही कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। इसी तरह उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति सुभाष ढाबा के पीछे खुला स्थान में अवैध रूप से हाथभट्टी से निर्मित कच्ची महुआ शराब भारी मात्रा में ब्रिकी करने के लिए रखा है। सूचना पर पुलिस के द्वारा मौके पर जाकर घेराबंदी कर छापामार की कार्यवाही की गई। जहां मौके पर ग्राम पताढ़ी निवासी सुभाष गुप्ता उम्र 37 वर्ष पिता स्व. नवीन गुप्ता के कब्जे से प्लास्टिक के बड़े पन्नी के अंदर छोटे छोटे 140 नग प्लास्टिक पाउच में भरे कुल लगभग 35 लीटर महुआ शराब को पुलिस के द्वारा जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने धारा 34(2), 59 (क) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

# पेयजल आपूर्ति के लिए करोड़ों खर्च फिर भी लोगों के कंठ सूखे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयलांचल क्षेत्र में गर्मी का मौसम आने से पहले ही पानी के लिए मारामारी शुरू हो जाती है। हर साल पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए एसईसीएल प्रबन्धन द्वारा अपने प्रभावित क्षेत्र में करोड़ों रूपये खर्च की जाती है। बावजूद इसके प्रभावित ग्रामीणों को पर्याप्त मात्रा में पानी की आपूर्ति नहीं की जाती है। गर्मी के दौरान उन्हें जल संकट का सामना करना पड़ता है।

**खास बातें**

- एसईसीएल गेवरा, दीपका क्षेत्र से प्रभावित ग्राम का मामला
- उर्जाधानी भूविस्थापित कल्याण समिति ने गेवरा दीपका जीएम से की शिकायत

पर्यावरणीय प्रभाव एवं एसईसीएल की कोयला उत्खनन के कारण प्रभावित क्षेत्रों में जल स्तर नीचे चला गया है। कुंआ, तालाब सुख चुके है और हैंडपम्प, बोर से पानी नही निकल रहा है, जिसके कारण क्षेत्रवासियों को पेयजल सहित निस्तार के लिए पानी की समस्या से भारी परेशानी होती है। इस बात को ध्यान में रखते हुए तथा ग्रामीणों की मांग पर एसईसीएल की दीपका क्षेत्र द्वारा गर्मी शुरू होने से पूर्व ही पानी संकट को देखते हुए 93 लाख रुपये का टेंडर जारी किया गया है। टेंडर में दीपका क्षेत्र से प्रभावित गाँवों में नियमित रूप से हर मोहल्ल्ले तक टैंकर से पेयजल आपूर्ति किया जाना प्रस्तावित है। इसके साथ गांव में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के लिए टैंकर से पानी आपूर्ति किया जाना है, किंतु गांवों, मोहल्लों में पानी आपूर्ति नही होने की शिकायतें मिल रही है इस बात की भी शिकायत प्राप्त हो रही है कि ग्रामीणों द्वारा एसईसीएल के सबंधित विभाग के अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद गाँवो में पेयजल की आपूर्ति नहीं की जा रही है। महज खाना पूर्ति के लिए पानी टैंकर चलायी जा रही है। गौर करने वाली बात यह है कि दीपका क्षेत्र से जारी टेंडर में किसी भी गांव का उल्लेख नहीं किया गया है। इसी तरह से एसईसीएल गेवरा क्षेत्र में भी 78 लाख रूपये का टेंडर जारी किया गया है। जिसके तहत सराईसिंगर, हरदीबाजार, रलिया, धौराभाठा, नवापारा, ऊमेंदीभाठा, मुड़ियानार, भिलाईबाजार, बरभाठा, पंडरी पानी, नराईबोध, भठोरा, कटगीडबरी, ढोडगी पारा, छिंदपुर, घाटमुड़ा, गंगानगर सहित अन्य प्रभावित गाँवों में नियमित रूप से हर मोहल्ल्ले तक टैंकर से पेयजल आपूर्ति करना है।

### दो पक्षों में हुई मारपीट, मामला दर्ज

**कोरबा।** पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट की घटना सामने आई है। दोनों ही पक्षों की लिखित शिकायत पर पुलिस ने दोनों पक्षों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पाली थाना क्षेत्र में दो पक्षों के बीच गाली-गलौज और मारपीट की घटना सामने आयी है। दोनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने एक-दूसरे के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने रामेश्वर चंदेल की रिपोर्ट पर पंकज निर्मला और अन्य पर जुर्म दर्ज किया है। रामेश्वर का आरोप है कि निर्मला और उसके परिवार के अन्य लोगों की ओर से अक्सर गाली-गलौज किया जाता है। वहीं निर्मला की रिपोर्ट पर पुलिस ने पूजा, लक्ष्मी, दुर्गा और रामेश्वर के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस द्वारा मामले की विवेचना की जा रही है।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**कोरबा।** उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दमखांचा निवासी सलीराम उम्र लगभग 35 वर्ष अपने मोटर सायकल में सवार होकर किसी काम से मंगलवार की शाम कोरबा आया था जहां से काम निपटाकर वापस अपने घर लौट रहा था कि कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सर्वमंगला पुल के पहले किसी अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली व सर्वमंगला चौकी पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और सड़क पर शव को जिला अस्पताल भेजा गया। दुर्घटना को किस वाहन ने अंजाम दिया है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।

हरिभूमि
पाठकों के लिए माह अप्रैल 2025 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 10 दिन | 4.00 | 40.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 30 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह अप्रैल 2025 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 मई 2025 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

# कोटवारी सेवा भूमि के अवैध हस्तांतरण पर कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में कोटवारी सेवा भूमि के अवैध हस्तांतरण और बिक्री के मामले में प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। कलेक्टर अजीत

**खास बातें**

- 0.652 हेक्टेयर कोटवारी भूमि डॉक्टर सहित कई लोगों के नाम पर हुई थी बिक्री
- अन्य तहसीलों में भी होगी कार्यवाही

वसंत के निर्देश पर भैसमा तहसीलदार केके लहरे ने ग्राम कुकरीचोली में 0.652 हेक्टेयर कोटवारी भूमि का नामांतरण अपास्त कर उसे शासन के रिकॉर्ड में दर्ज कर लिया है। इस कार्रवाई में डॉ. केसी देवनाथ सहित कई अन्य लोगों के नाम पर दर्ज भूमि का हस्तांतरण रद्द किया गया है।



जिले में ऐसे कई मामले सामने आए, जिनमें कोटवारी भूमि को गलत तरीके से अन्य लोगों के नाम पर दर्ज किया गया। कलेक्टर के निर्देश और तहसीलदार की त्वरित कार्रवाई। कलेक्टर श्री वसंत ने सभी तहसीलदारों को सख्त निर्देश दिए थे कि कोटवारी भूमि के अवैध हस्तांतरण को तुरंत निरस्त किया जाए और इसे शासन के नाम पर पुनः दर्ज किया जाए। इस आदेश के बाद भैसमा तहसीलदार केके लहरे ने त्वरित कार्रवाई शुरू की। ग्राम कुकरीचोली में खसरा नंबर 376 और 377/1 के तहत दर्ज कोटवारी भूमि की गहन जांच की गई। जांच में पाया गया कि इस जमीन को अनिता कौशिक, मंजू जायसवाल, कनिका चक्रवर्ती और डॉ. केसी देवनाथ जैसे लोगों के नाम पर गलत तरीके से हस्तांतरित किया गया था। तहसीलदार ने अनिता कौशिक खसरा नंबर 377/1, रकबा 0.045 हेक्टेयर, मंजू जायसवाल खसरा नंबर 377/1, रकबा 0.040 हेक्टेयर, कनिका चक्रवर्ती खसरा नंबर 377/1, रकबा 0.012 हेक्टेयर, डॉ. केसी देवनाथ खसरा नंबर 376 और 377/1, कुल रकबा 0.555 हेक्टेयर शामिल हैं।

### किस तहसील में कितनी कोटवारी भूमि पर कार्यवाही

कोटवारी भूमि के अवैध हस्तांतरण के कुल 63 मामले सामने आए हैं, जिनमें सिंगल ट्रांजेक्शन शामिल हैं। इनमें भैंसमा तहसील में 16, कटघोरा में 8, दीपका में 8, हरदीबाजार में 7, बरपाली में 10, पोड़ी उपरोड़ा में 2, कोरबा में 2, दर्री में 6 और पाली में 4 प्रकरण शामिल हैं। कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों को इन मामलों की गहन जांच और त्वरित कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## शिक्षा और आदिमजाति कल्याण विभाग के सौ से अधिक व्याख्याता हुए लाभान्वित

# 11 साल बाद व्याख्याता व प्रधानपाठक बने हाईस्कूल के प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा 11 साल बाद व्याख्याता एवं प्रधानपाठक से बने हाई स्कूल के प्राचार्य पदोन्नत सूची जारी होने के बाद जिले के सौ से अधिक व्याख्याता व मिडिल स्कूल के प्रधानपाठक शामिल हैं जिन्हें पदोन्नति के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। बुधवार को सूची जारी होने से पदोन्नति के इंतजार में बैठे वरिष्ठ शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई।

कई तकनीकी कारणों की वजह से व्याख्याता से प्राचार्य और प्रधानपाठक से प्राचार्य पदोन्नति की सूची लटकी हुई थी। वर्ष 2013 में इसके पूर्व पदोन्नत सूची जारी हुई थी उसके बाद से लेकर 2025 तक व्याख्याता से हाईस्कूल प्राचार्य एवं मिडिल प्रधानपाठक से प्राचार्य पद की पदोन्नत सूची नहीं जारी हुई थी। इस 11 साल के लंबे इंतजार में कई मिडिल स्कूल के प्रधानपाठक सेवानिवृत्त हो गए। वहीं कई व्याख्याता भी 11 साल के लंबे इंतजार में सेवानिवृत्त हुए। इतनी लंबी अवधि में सेवानिवृत्त होने वाले व्याख्याता और मिडिल प्रधानपाठक की संख्या डेढ सौ से अधिक है जो पदोन्नति से वंचित होने के साथ बढ़े हुए वेतनमान से वंचित हो गए हैं। बुधवार को स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा जारी की गई पदोन्नति सूची में ट्रायबल विभाग और शिक्षा विभाग के व्याख्याता और मिडिल स्कूल के प्रधानपाठक शामिल हैं। इसमें ट्रायबल विभाग के 50 से अधिक व्याख्याता तथा शिक्षा विभाग के 50 इसी तरह मिडिल स्कूल के प्रधानपाठक की संख्या भी लगभग 30 से अधिक है। जानकारी के अनुसार प्रमोशन के दायरे में आने वाले शिक्षकों की संख्या सौ के लगभग हैं।




फाइल फोटो

### शिक्षक संघों ने शासन को सौंपा था ज्ञापन

लंबित पदोन्नति सूची के लिए छग राज्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा ने राज्य शासन को कई बार ज्ञापन सौंपा था। जिसमें उन्होंने पदोन्नति के इंतजार में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों की समस्याओं से भी अवगत कराया था। शिक्षक संघ ने बताया था कि पदोन्नति सूची लंबित होने के कारण कई व्याख्याता और मिडिल स्कूल के प्रधानपाठक पदोन्नति से वंचित हो गए। जिन्हें बढ़े हुए वेतनमान और पेंशन बढ़ोत्तरी से वंचित होना पड़ा है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 15,500/
रिजर्वेशन कोच
04 जून ,14 जुलाई, 13 अगस्त , 10 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर,
12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशिः-स्लीपर-15500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411